# प्रेस नोट थाना कटरा

# जनपद- शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक – 12.08.2025

## “थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा मुकदमें में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 11.08.2025 को वादिनी मुकदमा द्वारा थाना कटरा पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 10.08.2025 की शाम करीब 07.30 बजे मेरे पति का मोहल्ले के **1. लालजीत पुत्र राजाराम 2. मिथुन पुत्र रामबिलास** से शराब पीने के बाद झगडा हो गया है। रात में दर्द और पेट में सूजन के कारण मेरे पति चन्द्रपाल की मृत्यु हो गयी है। तहरीर के आधार पर थाना कटरा पर मु0अ0सं0 375/2025 धारा 105 BNS बनाम 1. लालजीत पुत्र राजाराम 2. मिथुन पुत्र रामबिलास नि0गण मो0 तहबरगंज कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त लालजीत पुत्र राजाराम नि0 मोहल्ला तहबरगंज कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर खास की सूचना पर आज **दिनांक 12.08.2025 को समय करीब 11.05 बजे रामनगर कालोनी जलालाबाद रोड के पास थाना कटरा** की पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

लालजीत पुत्र राजाराम नि0 मोहल्ला तहबरगंज कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 37 वर्ष

**गिरफ्तारी का स्थान / समयः-**

**स्थान-** रामनगर कालोनी जलालाबाद रोड के पास थाना क्षेत्र कटरा, **दिनांक-** 12.08.2025 समय करीब 11.05 बजे।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 375/2025 धारा 105 BNS थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर

2.मु0अ0सं0 199/2025 धारा 115(2)/352/351(2)/324(4) BNS थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर

**पूछताछ विवरणः-** अभियुक्त लालजीत पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला तहवरगंज कस्बा व थाना कटरा जिला शाहजहांपुर उम्र करीब 37 वर्ष ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब कल दिनांक 10.08.2025 को मैं और मिथुन, चन्द्रपाल के साथ बैठकर दारू पी रहे थे जिसमे चन्द्रपाल ने मुझे गाली दे दी थी। जिससे हममें आपस में बाद विवाद हो गया था तो मैंने गुस्से में आकर चन्द्रपाल को दो तीन लात घूसे मार दिये थे और हम उसको छोडकर भाग गये थे हमें बाद में पता चला कि उन्ही चोटों के कारण उसकी रात में मौत हो गयी है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री जुगुल किशोर पाल थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. व0उ0नि0 देवेन्द्र सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 संजीत शुक्ला थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 1784 भूरा तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर